नकुल देव पुरस्कार विजेता, फिल्मकार, लेखक, निर्देशक, निर्माता और कोरियोग्राफर हैं। जिनके पास 20 सालों से भी ज्यादा का अनुभव है। इनके पर्यावरण पर बनाए वृत्तचित्र, बिफोर आई डाई को दुनियाभर के करीब 200 अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में प्रदर्शित किया गया है और इसे करीब 60 अंतर्राष्ट्रीय सम्मान हासिल हो चुके हैं। इनकी फीचर फिल्मों में आस्मा, अखनूर, और एक इंडो–बेल्जियन सह–निर्माण में बनी फिल्म, दि लॉस्ट मोंक शामिल है। इनकी अन्य कामों में, इन दि नेम ऑफ लव, बस्तर–फ्रोजन टियर्स और कैटल इंश्योरेंस शामिल है। इनके नाम पर 50 से ज्यादा कमर्शियल और कॉरपोरेट फिल्म, नाको के लिए एड्स पर वृत्तचित्र और फेस्ट फीस्ट नॉर्थ ईस्ट नाम से ट्रेवल शो शामिल हैं। यह कई फिल्म महोत्सवों के निर्णायक मंडल में रह चुके हैं।

Nakul Dev is an award-winning filmmaker, writer, director, producer and cinematographer with over 20 years of experience. His environmental documentary 'Before I Die' (2021) has travelled to over 200 international film festivals and got 60 international awards. His feature films include 'Aasma' (2019), 'Akhnoor' (Hindi & French, 2007), and an Indo-Belgian co-production 'The Last Monk' (English, 2006). His other works include 'In the Name of Love', 'Bastar: Frozen Tears'; and 'Cattle Insurance'. He has to his credit over 50 commercials and corporate films; a documentary on AIDS for NACO and a travel show titled 'Fest Feast North East'. He has been a jury member for various film festivals.

सत्यप्रकाश उपाध्याय (सदस्य) Satyaprakash Upadhyay (Member)

सत्यप्रकाश उपाध्याय ने अपने सफर की शुरूआत मंच कोरियोग्राफर के तौर पर की इसके बाद इन्होंनें आलाप और चिल्ड्रन ऑफ वॉर में सहायक निर्देशक की भूमिका निभाई। इनके निर्देशन में बने पहले वृत्तचित्र, बुनकर–दि लास्ट ऑफ दि वाराणसी वीवर्स को सर्वश्रेष्ठ फिल्म (कला एवं संस्कृति) का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार हासिल हुआ। इसे भारतीय पैनोरमा (इफ्फी 2018) और जयपुर अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित किया गया, इसके साथ ही यह 2019 में बर्लिन के इंडो–जर्मन फिल्म सप्ताह के लिए भी नामांकित, 11वें केरल फिल्म महोत्सव और 2019 के पुर्तगाल अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में काफी सराहा गया।

Satyaprakash Upadhyay is one of the co-founders of Narrative Pictures. He started his career as a part-time choreographer, before becoming an assistant director in 'Aalaap' (2012) and 'Children of War' (2014). His directorial debut documentary 'Bunkar-The Last of the Varanasi Weavers' (2018) won the National Film Awards for Best Film (Art & Culture). It was screened at the Indian Panorama (IFFI 2018) and Jaipur International Film Festival (JIFF 2019), and nominated for the Indo-German Film Week (Berlin 2019). His short film production, 'Neer' won recognition at the 8th Dada Saheb Phalke Film Festival 2018; 11th IDSFFK, Kerala; and the Internacional Festival Signos de la Noite Lisboa, Portugal 2019.

5

गैर–फ़ीचर फ़िल्म ज्यूरी
(NON-FEATURE FILMS JURY)

सिलादित्य सेन (सदस्य) Siladitya Sen (Member)

6

सिलादित्य सेन फिल्म आलोचक, लेखक और पत्रकार हैं जो आनंद बाजार पत्रिका से जुडे हुए हैं। वह भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 1999 के भारतीय पैनोरमा की निर्णायक मंडल सदस्य और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 2000 के सिनेमा पर सर्वश्रेष्ठ पुस्तक और लेखन के निर्णायक मंडल के सदस्य रह चुके हैं। इसके साथ ही मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, 2004, बंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (2013, 2018), केरल के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोतस्व 2019 और कोलकाता अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2022 से भी जुड़े रहे हैं। यह 2001 से 2005 तक राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के 'सिनेमा इन इंडिया' के संपादकीय बोर्ड के सदस्य भी रहे हैं। इनकी पुस्तकों में, सिनेमा स्वर ओ संकेत (बंगाली फिल्म पत्रकारिता संगठन से 1998 की सर्वश्रेष्ठ पुस्तक से सम्मानित), मृणाल सेनार फिल्म जात्रा, तनवीर मोकाम्मेल–किच्छु काजकर्मा किच्छु बेंछे थाका, दि सिनेमा ऑफ दि मेज्योरिटी आदि शामिल हैं।

Siladitya Sen is a film critic, author and journalist with the Anandabazar Patrika. He's been a jury member for the Indian Panorama (IFFI) in 1999 and the National Film Award for Best Book and Writing on Cinema in 2000. He's been an Editorial Board member (2001-05) for the NFDC's 'Cinema in India'. His book 'Cinemar Swar o Sanket' won the Best Book Award from Bengal Film Journalists Association in 1998. His other books include 'Mrinal Sener Film Jatra' (2015); 'Tanvir Mokammel' (2018), 'The Cinema of the Majority' (2017). He has worked with other international film festivals in Mumbai (2004); Bengaluru (2013 & 2018); Kerala (2019); and Kolkata (2022).

योगेश कुलकर्णी (सदस्य) Yogesh Kulkarni (Member)

योगेश कुलकर्णी, अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं। इन्होंनें भोजपुरी, मराठी और अहिरानी भाषा में संगीतमय फिल्म का निर्माण किया है जिसमें, हमके माफी देइ दा, पिंजरेवाली मुनिया और मोल शामिल हैं। बतौर अभिनेता इन्होंनें कई कमर्शियल, सीरियल और फीचर फिल्मों में अभिनय किया है। इनकी फिल्म मोल, अहिरानी बोली की सबसे बड़ी हिट है, इस फिल्म में महाराष्ट्र के खानदेश क्षेत्र की संस्कृति और सौंदर्य को दर्शाया गया है। यह शराब की लत छुड़ाने और पुनर्वास के क्षेत्र में भी काम कर रहे हैं, यह अक्सर सिनेमा पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों और सेमिनारों का आयोजन और उनमें भाग लेते रहते हैं।

Yogesh Kulkarni is an actor, director and producer. He has produced musical films in Bhojpuri, Marathi and Ahirani languages, including 'Humke Mafi Dei Da' (2004), 'Pinjarewali Muniya', and 'Mol' (2018). He has also worked as an actor in many commercials, serials and feature films. His film 'Mol', which is the biggest film in the Ahirani dialect, depicts the beauty and culture of the Khandesh region in Maharashtra. The film has been written and directed by him. He has also been working in the field of alcohol de-addiction and rehabilitation. He often organises and participates in various programs and seminars based on cinema.

7

सिनेमा पर सर्वश्रेष्ठ लेखन ज्यूरी
BEST WRITING ON CINEMA JURY

अध्यक्ष (Chairperson)

अनंत विजय Anant Vijay

अनंत विजय एक सम्मानित पत्रकार और लेखक हैं। पत्रकारिता में दो दशक से ज्यादा के अनुभव के दौरान इन्होंनें मुख्यतौर पर सिनेमा, राजनीति, संस्कृति और साहित्य के लिए लेखन किया। इन्हें 2018 में सर्वश्रेष्ठ फिल्म आलोचक का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, प्रतिष्ठित गणेश शंकर विद्यार्थी सम्मान और फादर कामिल बुल्के सम्मान प्राप्त हो चुका है। वर्तमान में यह दैनिक जागरण के साथ जुड़े हुए हैं जहां पर इनका साप्ताहिक स्तंभ पिछले 12 वर्षों से प्रकाशित हो रहा है। तमाम साहित्यिक महोत्सवों, हिंदी साहित्यिक इकाइयों और संपादकीय समूह का हिस्सा रह चुके अनंत के नाम पर बतौर लेखक 12 पुस्तकें भी हैं। यह राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार निर्णायक मंडल के अध्यक्ष, चयन समीति के अध्यक्ष (कोंकणी फिल्म्स), इफ्फी 2019 और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के 75 क्रियेटिव माइंडस (सदस्य, निर्णायक मंडल) रह चुके हैं।

Anant Vijay is an award-winning film critic, journalist and author. As a senior journalist, he has worked across Television & Print Media and has written mainly on the cinema, and politics of culture and literature. He won the 2018 National Film Award as the Best Film Critic. He has also received the Ganesh Shankar Vidyarthi Award and Father Camille Bulcke Award. He is presently working with Dainik Jagran, where his weekly column has been running for 12 years. He has authored 12 books, including 'Bollywood Selfie' (2015) and 'Amethi Sangram' (2020). He has also been a part of literature festivals, Hindi literary bodies, and editorial boards. He has served as Jury Chairman for National Film Awards; Chairman for Selection Jury (Konkani Films), in IFFI 2019 and Jury Member, in the I&B Ministry's '75 Creative Minds', 2021.

सिनेमा पर सर्वश्रेष्ठ लेखन ज्यूरी
BEST WRITING ON CINEMA JURY

अलका साहनी (सदस्य) Alaka Sahani (Member)

अलका साहनी इंडियन एक्सप्रेस, मुंबई में सह संपादक हैं। वह मुख्यतौर पर सिनेमा और संस्कृति पर ही लिखती है। 2014 में इन्हें 'लुकिंग बियॉन्ड दि ग्लैमर एंड ग्लिट्ज ऑफ इंडियन सिनेमा' के लिए सर्वश्रेष्ठ फिल्म आलोचक का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ था। इसके साथ ही 2019 में रेडइंक अवार्ड के लाइफ स्टाइल एवं मनोरंजन की प्रिंट/डिजिटिल श्रेणी में सादत हसन मंटो पर लिखे इनके लेख को स्पेशल मेन्शन, सम्मान हासिल हुआ था। वह भारतीय और विश्व सिनेमा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक और विश्लेषणात्मक लेखन करने में विश्वास रखती हैं।

Alaka Sahani is an Associate Editor with The Indian Express, Mumbai. She writes extensively about cinema and culture. In 2014, she won the National Film Award for Best Film Critic for 'looking beyond the glamour and glitz of Indian cinema'. Her article on Saadat Hasan Manto received a 'Special Mention' in the Lifestyle and Entertainment – Print/Digital category of the RedInk Award in 2019. She believes in writing comprehensive and analytical pieces about various aspects of Indian and world cinema. She also regularly interviews and profiles film personalities.

डॉ. जी. धनंजयन (सदस्य) Dr. G. Dhananjayan(Member)

डॉ. जी. धनंजयन (पीएचडी, एमबीए) प्रबंधन के क्षेत्र से जुड़े एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता लेखक और फिल्मकार हैं। इन्हें कॉरपोरेट जगत में कई प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ वरिष्ठ पद पर रहकर काम करने का 30 साल से ज्यादा का अनुभव है। सिनेमा पर इनके लेखन के लिए इन्हें 2014 और 2016 में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। फिल्म व्यवसाय में मुंबई यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट कर चुके धनंजयन पिछले 17 सालों में तमिल, मलयालम और हिंदी की 35 फिल्मों का प्रोडक्शन, मार्केटिंग एवं वितरण कर चुके हैं। बतौर फिल्म वितरक वह अपनी अनूठी फिल्म मार्केटिंग और प्रचार कौशल के लिए जाने जाते हैं।

Dr. G. Dhananjayan (PhD, MBA) is a National Award-winning author, filmmaker, film distributor, and screenplay writer. He has worked with corporates in senior positions for over 30 years, including Kansai-Nerolac Paints, Saregama-HMV, AirTel, Vodafone, Moser Baer Entertainment and Disney-UTV. He won the National Film Award twice for his writing on cinema in 2014 and 2016. With a doctorate in film business from Mumbai University, he was involved in the production, marketing and distribution of 35 films for 17 years. He is also the Founder-Director of BOFTA Film Institute in Tamil Nadu and a partner in Infiniti Film Ventures. He is one of the founding members of and present Vice President of the Tamil Film Active Producers Association.

फ़ीचर फ़िल्म ज्यूरी | पूर्व पैनल
FEATURE FILMS JURY | EAST PANEL



जी.एस. भास्कर (अध्यक्ष) G.S. Bhaskar (Chairperson)

जी.एस. भास्कर सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफी के लिए दो बार कर्नाटक स्टेट अवार्ड विजेता रह चुके हैं। भारतीय फिल्म एवं टेलिविजन संस्थान से स्नातक के बाद इन्होंनें विख्यात सिनेमेटोग्राफर ए के बिर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त किया और सर रिचर्ड एटनबर्ग की गांधी से काम की शुरूआत की। फिल्म जगत के बेहतरीन फिल्मकारों जैसे ए एस सथ्यु, सई परांजपे, गिरीश कर्नाड, बी वी कारंत, गिरीश कासरवल्ली, पी शेषाद्रि और टी एस नागभरना के साथ काम किया। कई फिल्म स्कूल जैसे एफटीआईआई, एसआरएफटीआई, विशलिंग वुड्स और एलवी प्रसाद एकेडमी में विजिटिंग फैक्ल्टी के तौर पर सेवाएं दी है। यह नई पीढी के फिल्मकारों और सिनेमेटोग्राफरों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से बंगलुरू में डिजिटल सिनेमा के लिए लेस अकादमी चलाते हैं।

G.S. Bhaskar is the two-time winner of the Karnataka State Award for Best Cinematography in 1997 and 2012. A graduate of the Film & Television Institute of India (FTII), he further trained under the renowned cinematographer A.K. Bir beginning with Sir Richard Attenborough's 'Gandhi' (1982). He has worked with some of the finest filmmakers such as M.S. Sathyu, Sai Paranjpye, Girish Karnad, B.V. Karanth, Girish Kasaravalli, P. Sheshadri and T.S. Nagabharana. He has also served as the visiting faculty in many film schools such as FTII, SRFTI, Whistling Woods and LV Prasad Academy. He runs LACE Academy for Digital Cinema in Bengaluru to impart training to the next-gen filmmakers and cinematographers.

के. जी . दास (सदस्य) K.G. Das (Member)

के. जी . दास भारत सरकार के फिल्म डिविजन के पूर्व निदेशक हैं। इन्होंनें 4 बंगाली फीचर फिल्मों और 42 वृत्तचित्रों के लिए लेखन और निर्देशन किया है। इन्हें दो बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, तीन बार बंगाली फिल्म पत्रकारिता अवार्ड और अन्य प्रतिष्ठित क्षेत्रीय अवार्ड हासिल हो चुके हैं। इनकी फिल्म दो बार भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के पैनोरमा खंड में प्रदर्शित की जा चुकी है। इसके अलावा इनकी फिल्में दुनियाभर के करीब 45 फिल्म महोत्सव मे जा चुकी है।

K.G. Das is a former director of Films Division, Govt. of India. He has scripted and directed four Bengali feature films and 42 documentaries. For his films, he has received two National Film Awards, three Bengal Film Journalist Awards (BFJA), and other prestigious regional awards. His films have been screened twice in the Indian Panorama section of the International Film Festival of India. Besides, his films have also travelled to over 45 international film festivals around the world.

प्रांजना दत्ता (सदस्य) Pranjana Dutta (Member)

प्रांजना दत्ता असम के एक चर्चित टीवी, सिनेमा और रंगमंच अभिनेत्री हैं। जिन्हें अपने 24 साल के सफर में कई बार सराहना और सम्मान हासिल हो चुका है। यह एक समाजसेवी और सत्रिय एवं बिहु नर्तकी हैं। इनके हुनर की बदौलत इन्हें नामी शो में अपने अभिनय का कौशल दिखाने का मौका मिला। एक स्वतंत्र, सशक्त, हुनरमंद और दो लड़कों की एकल पालक प्रांजना अपने जगत के अन्य लोगों के लिए एक मिसाल हैं।

Pranjana Dutta is a popular TV, cinema and theatre actor of Assam, who has received many awards and accolades in her 24 years of acting career. She is also a social worker and a Sattriya and Bihu dancer. Her talent opened doors for her to act in several renowned shows. An independent, strong, skilful and single parent of two adorable sons, she has set the standards high for everyone in the business.

श्रीकात गौतम (सदस्य) Srikant Gautam (Member)

श्रीकात गौतम एक अभिनेता, निर्देशक, गीतकार, और कहानी–पटकथा–संवाद लेखक हैं। इन्होंनें उडिया भाषा में ऑडियो–वीडियो एल्बम, टेलिफिल्म, टीवी सीरियल और फीचर फिल्म का निर्माण किया है। इन्होंनें अपने सफर की शुरूआत बतौर बाल कलाकार की। आगे चलकर इन्होंनें अपने काम में निर्देशन और लेखन के हुनर को भी जोड़ा। इन्हें 1990 से ही एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी शख्स के तौर पर जाना जाता है। इन्हें लेखन के लिए स्टेट फिल्म अवार्ड मिल चुका है। इसके अलावा इनके अन्य रचनात्मक प्रदर्शनों के लिए इन्हें कई प्रमाणपत्रऔर सम्मान प्रदान किए गए हैं।

Srikant Gautam is an actor, director, lyricist, and story-screenplay-dialogue writer. He has produced audio-video albums, telefilms, TV serials, and feature films in the Odia language. He started his career as a child artist and grew up to be a performer. In the meanwhile, he added writing and direction to his portfolio. He is a popular multi-talented name in Odisha since 1990. He has received the state film award for writing, besides many more honours and certificates for his various creative performances.

फ़ीचर फ़िल्म ज्यूरी | उत्तर पैनल
FEATURE FILMS JURY | NORTH PANEL

ए. कार्तिकराजा (अध्यक्ष) A. Karthikraaja (Chairperson)

ए. कार्तिकराजा एक विख्यात सिनेमेटोग्राफर है इन्होंने नामचीन निर्देशकों जैसे के.भाग्यराज, आर.वी.उदय कुमार, धारणी (रमणी), मनोज कुमार, रतनकुमार, और शंकर सुरेश के साथ कई तमिल फिल्मों में काम किया। चैन्नई के आदयार फिल्म संस्थान से 1977–80 के स्नातक कार्तिकराजा के फिल्म सफर में, चिन्ना गौंउंदर (1991), एजामन, वान्जा गिरिजा, रेत्तई जादइ वायासु, ओरु ऊला, ओरी राजकुमारी, एधिरम पुधिरम, वानविल, राज्यम, आई लव यू डू, थुनाई मुधलवार और इनायाथलम जैसी फिल्में शामिल हैं।

A. Karthikraaja is a well-known cinematographer who has worked in several Tamil films with reputed directors such as K. Bhagyaraj, R.V. Udhaya Kumar, Dharani (aka Ramani), Manoj Kumar, Rathnakumar, and Sankar-Suresh. A 1977-80 batch student of Adayar Film Institute in Chennai, some of his popular films include 'Chinna Gounder' (1991), 'Ejaman' (1993), 'Vanaja Girija' (1994), 'Rettai Jadai Vayasu' (1997), 'Oru Oolaa Oru Rajakumari' (1995), 'Edhirum Pudhirum' (1999), 'Vaanavil' (2000), 'Raajiiyam' (2002), 'I Love You Do' (2002), 'Thunai Mudhalvar' (2015), and 'Inayathalam' (2017).



अरविंद सिंह (सदस्य) Arvind Singh (Member)

अरविंद सिंह ने भारतीय फिल्म एवं टेलिविजन संस्थान, पुणे से 1996 में सिनेमेटोग्राफी में स्नातक करने से पहले 1993 में बनारस हिंदु विश्वविद्यालय से मास कम्यूनिकेशन में अध्ययन किया। इसके बाद इन्होंनें फिल्म उद्योग में अपने कदम रखे, इनके किए कामों कुछ बेहतरीन रचनाएं जैसे, स्पेशल ओप्स, साइलेंस, बंदो में था दम, और सीक्रेट्स ऑफ दि कोहिनूर शामिल है। इन्होंनें अपने वक्त के बेहतरीन निर्देशक जैसे नीरज पांडे और अबन देओहंस के साथ काम किया है। इसके अलावा इन्होंनें कुछ कमर्शियल और म्यूजिक वीडियों के लिए भी काम किया है। यह लोड्ज और ऑग्सबर्गर फिल्म महोत्सव में भी हिस्सा ले चुके हैं।

Arvind Singh studied Mass Communication at Benaras Hindu University (BHU) in 1993, before graduating from the Film and Television Institute of India (FTII), Pune with a specialisation in Cinematography in 1996. Thereafter, he joined the industry and worked on some notable work including 'Special Ops' (2020), 'Silence' (2021), 'Bandon Mein Tha Dum!' (2022), and 'Secrets of Kohinoor' (2022). During these, he worked with some notable directors such as Neeraj Pandey and Aban Deohans. He has also worked on a few commercials and music videos. He has participated in the Lodz and Augsburg film festivals.



भरत दिलीप शितोले (सदस्य) Bharatt Dilip Shitole (Member)

भरत दिलीप शितोले पिछले 23 सालों से भारतीय मनोरंजन उदयोग का हिस्सा हैं। इन्हें अपने वृत्तचित्र, इंडियन आर्म्स एंड आर्मर्स के लिए 2015 के 20वें अखिल भारतीय बाल शिक्षा ऑडियो वीडियो फेस्टिविल में राष्ट्रीय एनसीईआरटी सम्मान प्राप्त हो चुका है। इन्होंनें सिनेमा, एनिमेशन फिल्म, विज्ञापन, वृत्तचित्र, विज्ञान फिल्मों केलिए काम किया है। यह केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड मुंबई के सदस्य और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पैनल में शामिल बाहरी विशेषज्ञ हैं. उन्होंने विज्ञान प्रसार की विज्ञान फिल्म कार्यशालाओं और संगोष्ठियों की अध्यक्षता की है और अंतर्राष्ट्रीय एनीमेशन फिल्म समारोहों में भाग लिया है। वर्तमान में, वह कुछ हिंदी फीचर फिल्मों पर काम कर रहे हैं, जिनमें से एक आदिपुरुष, महाकाव्य रामायण पर आधारित है।

Bharatt Dilip Shitole has been a part of the Indian entertainment industry for over 23 years. He won a national NCERT award for his documentary 'Indian Arms and Armours' at the 20th All India Children's Educational Audio Video Festival (AICEAVF) in 2015. His work revolves around cinema, animation films, ads, documentaries, science films, etc. He is an advisory panel member of CBFC, Mumbai, and an empanelled external expert with the Indian Space Research Organisation (ISRO). He has presided over Vigyan Prasar's science film workshops and seminars and participated in international animation film festivals. Presently, he is working on a few Hindi feature films including Adipurush, based on the epic Ramayan, as its Concept Head.

कोपिल बोरा (सदस्य) Kopil Bora (Member)

कोपिल बोरा असम के रंगमंच और फिल्म अभिनेता हैं। इन्होंने असमिया फिल्म 'द्वार' (2012) के लिए पहले फिल्मफेयर ईस्ट अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। करीब 50 से अधिक नाटकों में अभिनय करने के बाद इन्होंनें विद्युद चक्रवर्ती की असमिया फिल्म 'गन गन जाने जाने' के साथ फिल्मी सफर की शुरुआत की। इसके बाद इन्होंनें 'सोम', 'अस्ता राग', 'कादंबरी', 'बिधाता', 'अहीर भैरव', 'जीवन बटोर लोगोरी', 'जेतुका पाटोर दोरे', 'राग', जाहु बरुआ की 'अजेयो' जैसी हिट फिल्मों में अभिनय किया। इसके अलावा कोथनोडी', 'मोरिसिका', 'प्रोथोम प्रेम' और 'दैट गस्टी मॉर्निंग' आदि फिल्मे भी शामिल हैं। वृत्तचित्रों के निर्माण निर्देशन, रेडियो नाटक कलाकार होने के साथ इन्होंनें टीवी पर भी अपनी कला के जौहर दिखाए।

Kopil Bora is a theatre and film actor from Assam. He won the Best Actor Award in the first ever Filmfare East Awards for the Assamese film Bidyut Chakravarty's 'Dwaar' (2012). He began as a stage actor in the Cotton College in 1997, and went on to act in over 50 plays before making his debut with Bidyut Chakraborty's Assamese film 'Gun Gun Gaane Gaane'. It was followed by hits like 'Mon', 'AstaRaag', 'Kadambari', 'Bidhata', 'Aahir Bhairav', 'Jiwan Bator Logori', 'Jetuka Pator Dore', 'Raag', Jahnu Barua's 'Ajeyo', 'Kothanodi', 'Morisika', 'Prothom Prem' and 'That Gusty Morning', etc. He has also produced and directed documentaries, been a radio drama artist, acted in numerous TV serials and hosted popular TV shows.

विनोद अनुपम (सदस्य) Vinod Anupam (Member)

विनोद अनुपम फिल्म एवं कला समीक्षक हैं इन्हें 2002 मे सर्वश्रेष्ठ फिल्म समीक्षक के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। यह 65वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के निर्णायक मंडल के सदस्य रहे हैं; इसके अलावा नवाचार समिति, भारतीय सिनेमा का राष्ट्रीय संग्रहालय के सदस्य, पूर्व सचिव और सदस्य, बिहार संगीत नाटक अकादमी भी रह चुके हैं। इन्हें 1988 में सर्वश्रेष्ठ युवा लेखक का राज्य पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है। इन्होंने दूरदर्शन और बिहार सरकार के लिए फिल्मों, धारावाहिकों और वृत्तचित्रों के लिए एक पटकथा लेखक के रूप में काम किया है। इसके अलावा इन्होंने विभिन्न प्रतिष्ठित प्रकाशनों के लिए पुरस्कार विजेता कॉलम भी लिखे और संपादित किए हैं।

Vinod Anupam is a film and art critic. He won the National Film Award for the Best Film Critic in 2002. He has been a jury member, 65th National Film Award; member, Innovation Committee, National Museum of Indian Cinema; former secretary and member, Bihar Sangeet Natak Akademi. He did his M.A. (Hindi) and also attended a Film Appreciation course from FTII, Pune. He won a state award for best youth writer in 1988. He has worked as a scriptwriter for films, serials and documentaries for Doordarshan and Govt. of Bihar. He has also written and edited award-winning columns for various eminent publications.

फ़ीचर फ़िल्म ज्यूरी | दक्षिण - I पैनल
FEATURE FILMS JURY | SOUTH-1 PANEL

रवि शंकर खेमू (अध्यक्ष) Ravi Shankar Kemmu (Chairperson)

रवि शंकर खेमू का फिल्मों, टेलिविजन, और रंगमंच से नाता निर्देशक, लेखक, अभिनेता और निर्माता के तौर पर रहा। इन्होंनें अपने फिल्मी सफर की शुरुआत 1982 में मलयालम फिल्म फुटबॉल से बतौर अभिनेता की, कश्मीर विश्वविद्यालया और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से स्नातक करने के बाद इन्होंनें संगीत नाटक अकादमी की फैलोशिप पर भारत के नाट्य कला के रूप का अध्ययन किया। यह श्याम बेनेगल की कई फिल्म और टेलिविजन प्रोड्क्शन में उनके असोसियेट डायरेक्टर रहे। इन्होंनें कई नाटक, लघु फिल्म, वृत्तचित्र और टीवी सीरिज का निर्माण और निर्देशन किया। इन्होंनें हिंदी फिल्म जैसे राजनीति, जिंदगी ना मिलेगी दोबारा, जुनूनियत आदि में भी काम किया। यह मार्तंड मूवीज के मालिक और सिनेमाया मीडिया इंडिया के पूर्व निदेशक भी हैं।

Ravi Shankar Kemmu has been associated with films, theatre and television as a director, writer, actor and producer. He started his career as an actor in the Malayalam film 'Football' in 1982. After graduating from Kashmir University and the National School of Drama, he studied theatrical art forms of India on a fellowship of Sangeet Natak Akademi. He was an associate director for Shyam Benegal for his many films and television productions. He has directed and produced many theatrical productions, short films, documentaries and TV series. He has also acted in Bollywood films like 'Raajneeti', 'Zindagee Na Milegee Dobara', 'Janooniyat', etc. He is also the proprietor of Martand Movies and ex-director of Cinemaya Media India.

अनुपमा सुब्रमण्यम (सदस्य) Anupama Subramaniam (Member)

अनुपमा सुब्रमण्यम अनुपमा सुब्रमण्यम पिछले तीन दशकों से ज्यादा वक्त तक मनोरंजन पत्रकार रही हैं। इस दौरान इन्हें मीडिया की सभी विधाओं में काम किया. वर्तमान में यह डेक्कन क्रॉनिकल के चैन्नई संस्करण की मनोरंजन संपादक हैं। बतौर फिल्म समीक्षक इन्होंनें अखबार के लिए करीब 3500 फिल्मों की समीक्षा की है। इन्होंनें म्यूजिक कंपनी एचएमवी की वेबसाईट के लिए साक्षात्कार पर आधारित 100 से ज्यादा एपिसोड किए हैं। ऐसा ही एक कार्यक्रम यह ज़ी तमिल टीवी चैनल के लिए भी कर चुकी हैं। इन्होंने नॉर्वे ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन 'एनआरके' के साथ भी काम किया है, जहाँ उन्होंने फुल–लेंथ डॉक्यूमेंट्री 'फॉरगॉटन कॉलोनीज़ ऑफ़ ट्रैंक्यूबर' और 'लविंग पूना' नामक एक टेली–फ़िल्म की पटकथा और समन्वय किया है।

Anupama Subramaniam has been an entertainment journalist for over three decades, with experience across print, television, and online media. Currently, she is the Entertainment Editor of Deccan Chronicle's Chennai edition. As a film critic, she has reviewed about 3500 Tamil films for the newspaper. She made over 100 interview-based episodes for the music company HMV's website, and a similar program for Zee Tamizh TV channel as well. She has also worked with 'NRK', the Norwegian Broadcasting Corporation, where she scripted and coordinated the full-length documentary 'Forgotten Colonies of Tranquebar' and a tele-film titled, 'Loving Poona'.

प्रमोद प्रताप पुर्सवाने (सदस्य) Pramod Pratap Purswane (Member)

प्रमोद प्रताप पुर्सवाने 59वे राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में अपनी नॉन फीचर फिल्म, एंड वी प्ले ऑन के लिए स्वर्ण कमल से सम्मानित हो चुके हैं। यह मुख्यतौर पर टीवी कंटेट पर काम करते हैं। यह सामाजिक मुद्दों से जुड़े फिल्मी विषयों के शोध, लेखन, निर्माण और निर्देशन में भी शामिल रहते हैं। मुंबई विश्वविद्यालय से इतिहास के छात्र और कानून में स्नातोकोत्तर करने के साथ इन्होंनें विज्ञापन में डिप्लोमा भी किया है।

Pramod Pratap Purswane was awarded the Swarna Kamal for the Best Non-Feature Film titled 'And We Play On' in the 59th National Film Awards. He has worked extensively in creating television content. He has also been involved in researching, writing, producing and directing films on topics of social relevance. A student of history and a post-graduate in law from Mumbai University, he also has a diploma in advertising.

सजीव पुज़हूर (सदस्य) Sajeev Pazhoor (Member)

सजीव पुज़हूर मलयालम सिनेमा के पटकथा लेखक और निर्देशक हैं। इन्होंने दिलीश पोथन की 'थोंडीमुथलम द्रिक्सक्षियम' (2017) से एक पटकथा लेखक के रूप में अपनी पहचान बनाई, जिसकी बदौलत इन्होंनें राष्ट्रीय और राज्य पुरस्कार जीत. इन्होंनें मलयालम फिल्म उद्योग में 'स्वपनम' (2013) से अपनी शुरुआत की, जिसे शाजी एन. करुण ने निर्देशित किया था। इन्होंनें मलयालम में कई फिल्मों की पटकथा लिखी है और 80 से अधिक वृत्तचित्र फिल्मों का निर्देशन भी किया है, जिनमें से दो ने राज्य पुरस्कार भी जीता है।

Sajeev Pazhoor is a screenwriter and director in Malayalam cinema. He made a mark as a screenwriter with Dileesh Pothan's 'Thondimuthalum Driksakshiyum' (2017), which won him national and state awards. He made his debut in the Malayalam film industry through 'Swapaanam' (2013), which was directed by Shaji N. Karun. He has written scripts for many movies in Malayalam and also directed more than 80 documentary films, two of which won the state award.

विष्णु मोहन (सदस्य) Vishnu Mohan (Member)

विष्णु मोहन पटकथा लेखक और निर्देशक हैं। इन्होंनें मलयालम फिल्म मेप्पादियां से अपने निर्देशन की शुरूआत की। यह पहली मलयालम फिल्म थी जो दुबई के एक्सपो 2020 में प्रदर्शित की गई। इन्होंनें मोहनलाल अभिनीत देशभक्ति नाटक 'अमर जवान, अमर भारत' (2017) का भी निर्देशन किया, जो उरी हमले की पृष्ठभूमि पर आधारित था। इन्होंने टीवी विज्ञापनों और प्रचार वीडियो को भी लिखा और निर्देशित किया है और कई कॉर्पोरेट वृत्तचित्रों पर भी काम किया है। इन्हें बंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक के लिए जेसी डेनियल फाउंडेशन पुरस्कार सहित कई सम्मान मिले हैं।

Vishnu Mohan is a director and scriptwriter from Kerala. He made his directorial debut with the hit Malayalam film 'Meppadiyan'. It was also the first Malayalam film to be shown at Expo 2020 in Dubai. He also directed the patriotic drama 'Amar Jawan, Amar Bharath' (2017), starring Mohanlal, which was set against the backdrop of the Uri Attack. He has also written and directed TV commercials and promotional videos and has also worked on many corporate documentaries. He has received many honours, including the Best Film Award at the Bengaluru International Film Festival and the JC Danial Foundation Award for the Best Debut Director.

फ़ीचर फ़िल्म ज्यूरी | दक्षिण - II पैनल
FEATURE FILMS JURY | SOUTH-II PANEL



धरम गुलाटी (अध्यक्ष) Dharam Gulati (Chairperson)

धरम गुलाटी एफटीआईआई के पूर्व छात्र रहे धर्म गुलाटी ने फिल्म, विज्ञापन और टीवी उद्योग में एक सिनेमेटोग्राफर, निर्देशक और निर्माता के रूप में 30 से अधिक वर्षों तक काम किया है। अपने फिल्मी सफर में इन्होंने रमेश सिप्पी, विधु विनोद चोपड़ा, केतन मेहता, पंकज पाराशर, कल्पना लाजमी और स्वर्गीय विजय तेंदुलकर जैसे फिल्म निर्माताओं के साथ काम किया है। यह इंटरनेशनल एमी अवार्ड्स (एशियाई क्षेत्र), राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय चयन समिति), इंडियन टेली अवार्ड्स, आईडीपीए अवार्ड्स और आईटीए के निर्णायक मंडल में रहे हैं। यह एफटीआईआई के पूर्व छात्र संघ का प्रबंधन भी कर रहे हैं और एफटीआईआई की अकादमिक परिषद और तकनीकी सलाहकार समिति में रहे हैं।

Dharam Gulati an alumnus of FTII, has worked in the film, advertising and TV industry for over 30 years as a cinematographer, director and producer. He has worked with filmmakers like Ramesh Sippy, Vidhu Vinod Chopra, Ketan Mehta, Pankuj Parashar, Kalpana Lajmi and the Late Vijay Tendulkar. He has been on the jury of International Emmy Awards (Asian Region), National Film Awards, Mumbai International Film Festival (Chairman International Selection Committee), Indian Telly Awards, IDPA Awards and ITA. He has also been managing the Alumni Association of FTII (GreFTII). He has been on the Academic Council and Technical Advisory Committee of FTII.

जॉयदीप घोष (सदस्य) Joydeep Ghosh (Member)

जॉयदीप घोष जॉयदीप घोष एक वृत्तचित्र और लघु फिक्शन फिल्मकार और भारतीय स्वतंत्र सिनेमा आंदोलन के हिस्से रहे हैं। भारतीय फिल्म एवं टीवी संस्थान,पुणे से स्नातक जॉयदीप ने भारतीय राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के द्वारा निर्मित कई सारे वृत्तचित्र और फिल्म बनाई हैं। यह भारत में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों के लिए निर्णायक मंडल के सदस्य रहे हैं, जैसे कि भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी), बेंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, कोलकाता अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, आदि।

Joydeep Ghosh has been a part of the Indian independent cinema movement and is a documentary and short fiction filmmaker. A graduate of the Film and TV Institute of India (FTII), Pune, he has made quite many documentaries and a feature film produced by the National Film Development Corporation of India (NFDC). He has been a jury member for various international film festivals in India namely the International Film Festival of India (IFFI), Bengalore International Film Festival, Kolkata International Film Festival, etc.

नागराज कोटे (सदस्य) Nagaraja Kote (Member)

नागराज कोटे नागराज कोटे कन्नड़ के स्टैंडअप कॉमेडियन, फिल्मकार और लेखक हैं। इन्होंने 1980 में रंगमंच से सफर की शुरूआत की और आगे चलकर करीब 100 से ज्यादा नाटकों का निर्देशन किया। इनकी स्टैंडअप कॉमेडी, नागेलोका के 5000 से ज्यादा शो हो चुके हैं और यह पूरे कर्नाटक में हिट रहा है। 2005 में एक पेड़ के ऊपर प्रदर्शित इनका नाटक 'नेले' लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल हो चुका है। रंगमंच के प्रति उनका जुनून टीवी धारावाहिकों और फिर फिल्मों तक बढ़ा, इन्होंने कन्नड़ फिल्म 'बनदी' का निर्देशन किया, जिसने अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव 2015, हैदराबाद में 'सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म पुरस्कार' और 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिल्म' के लिए 2016 का राज्य पुरस्कार जीता। 2010 में, कर्नाटक सरकार ने उन्हें 'राज्योत्सव पुरस्कार' प्रदान किया। **Nagaraja Kote** is a Kannada standup comedian, filmmaker and writer. He started with theatre in 1980 and has since then directed more than 100 theatre dramas. His standup comedy 'Nageloka' crossed 5000 shows and has been a hit all over Karnataka. His play 'Nele', performed atop a tree in 2005, got into the Limca book of Records. His passion for theatre extended to TV serials, and then to films. He directed the Kannada film 'Banaadi' which won the 2016 State Award for 'Best Children Film Award' and the 'Best Indian Film' at the International Children's Film Festival 2015, Hyderabad. In 2010, the Karnataka Government bestowed the 'Rajyotsava Award' on him.



आर. मंजुनाथ (सदस्य) R. Manjunath (Member)

आर. मंजुनाथ कर्नाटक के चर्चित फिल्म एंव टेलिविजन जगत के सिनेमेटोग्राफर हैं। इन्हें 1994–95 में आरागिनि फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफर का कर्नाटक राज्य पुरस्कार प्राप्त हुआ। 1975–76 में सिनेमेटोग्राफिक टेक्नोलॉजी से डिप्लोमा करने के बाद इन्होंने लब्धप्रतिष्ठित सिनेमेटोग्राफर जैसे डी.वी. राजाराम, एन.जी राव और वी. रघुनाथन के सहायक के तौर पर काम किया। कन्नड़ फिल्म मिथिलेया सीथेयारु से इन्होंने स्वतंत्र रूप से सिनेमेटोग्राफर का काम संभाला। इन्होंने दो राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म, जंबो सावारी और हाराकेया कुरी सहित दर्जनों पुरस्कार प्राप्त फिल्मों के लिए भी सिनेमेटोग्राफी की। यह कर्नाटक राज्य पुरस्कार समीति और बंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के निर्णायक मंडल के सदस्य रह चुके हैं। यह केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के पैनल सदस्य भी हैं।

R. Manjunath is a well-known film and television show cinematographer from Karnataka. He won the Karnataka State Film Award for Best Cinematographer for 'Aragini' in 1994-95. After getting a diploma in Cinematographic Technology in 1975-76, he assisted well-known cinematographers such as D.V. Rajaram, N.G. Rao and V. Raghunathan. He became an independent cinematographer with the Kannada movie 'Mithileya Seetheyaru' (1988). He has worked on two National Award-winning films – 'Jamboo Savari' (1989) and 'Harakeya Kuri' (1992) – and over a dozen state award-winning films. He's been a jury member of Karnataka State Film Award Committee (2010 -2011) and the Bengaluru International Film Festival (2020). He is a Panel Member of the Central Board of Film Certification (CBFC) from 2021.

तेजस धनराज (सदस्य) Tejas Dhhanraj (Member)

तेजस धनराज पटकथा लेखक, निर्देशक और निर्माता हैं इन्होंने भारत की विभिन्न भाषाओं जैसे हिंदी, मराठी, तेलुगु, कन्नड़ आदि के लिए फिल्म और सीरिज पर काम किया है। इन्होंने प्रभुदेवा अभीनीत तापन्ना से निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखा. इन्होंने कई फिल्मों, टीवी शो और वेब सीरीज के लिए कहानी और पटकथा लेखन, निर्माण और निर्देशन किया। इनकी कुछ फिल्मों में ऑपरेशन परिंदे, नाटासार्वभौउमा(कन्नड़) और अदभूत (मराठी) शामिल हैं। इन्हें टेलीविजन क्षेत्र में इनके योगदान के लिए 6 बार राज्य सरकार से सम्मान प्राप्त हो चुका है। इनकी अन्य रचनाओं में तेलुग क्राइम थ्रिलर, कितिकी (36 एपिसोड), अद्दुगोदालु, तारासौराभालु, डॉ कोंडापल्ली शेषाग्रि राव– दि पैंटर और लघु फिल्म प्रोटेक्ट गर्ल चाइल्ड(प्रसार भारती–यूनिसेफ अवार्ड विजेता) भी शामिल है।

Tejas Dhhanraj is a screenwriter, director and producer who has worked in films and series of different Indian languages such as Hindi, Marathi, Telugu, Kannada, etc. He made his debut with 'Tapana' (2004), starring Prabhu Deva. He has written stories and screenplays and produced and directed many films, TV shows and web series. Some of his films include 'Operation Parindey' (2020); 'Natasaarvabhouma' (Kannada, 2019), and 'Adbhoot' (Marathi, 2020). He has won six state government awards for his television work. His other works include a 36-episode Telugu crime thriller 'Kitiki', ''Addugodalu', 'Tarasourabhalu', 'Dr Kondapalli Sheshgiri Rao-The Painter' and the short film 'Protect Girl Child' (winner of the Prasar Bharti-Unicef Award).

फ़ीचर फ़िल्म ज्यूरी | पश्चिम पैनल
FEATURE FILMS JURY | WEST PANEL

श्रीलेखा मुखर्जी (अध्यक्ष) Sreelekha Mukherji (Chairperson)

श्रीलेखा मुखर्जी एक प्रसिद्ध बंगाली अभिनेत्री और फिल्मकार हैं। इन्हें 1990 में पारासुरामेर कुठार फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुआ। इनकी पहली अभीनीत फिल्म का निर्देशन स्व. नब्येन्दु चट्टोपाध्याय ने किया था। बतौर अभिनेत्री इनकी फिल्मों में कालकोख्खो, शिल्पी, चिरोशोखा हे, लाज, द्वितियो पोक्खो, एला–र चार ओध्योय शामिल हैं। रबिन्द्र भारती वि.वि से शास्त्रीय संगीत में स्नातोकोत्तर कर चुकी श्रीलेखा ने कुछ डॉक्यूफीचर और टेलीफिल्म का निर्देशन भी किया है, और कई नाटकों, फीचर फिल्म और टेलिफिल्म के लिए पार्श्वसंगीत भी तैयार किया।

Sreelekha Mukherji is a well-known Bengali actor and filmmaker. She won the National Film Award for Best Actress in 1990 for 'Parasuramer Kuthar', her debut film directed by the Late Nabyendu Chattopadhyay. Her other films an actor include 'Shilpi', 'Chiroshokha He', 'Laaj', 'Dwitiyo Pokkho', 'Ela-r Chaar Odhyay', and 'Kaalkokkho'. A Master's degree holder in Classical Music from Rabindra Bharati University, she has directed a few docu-features and telefilms and has composed background music for several plays, feature films and telefilms.

अभिषेक शाह (सदस्य) Abhishek Shah (Member)

अभिषेक शाह अभिषेक शाक लेखक, निर्देशक और हेल्लारो फिल्म के सह–निर्माता है, यह फिल्म गुजरात की पहली सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतने वाली फिल्म है। इसी फिल्म के लिए, इन्हें भारत के 50 वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता खंड में सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक के रूप में 'विशेष उल्लेख' और महात्मा गांधी एफ्रो एशियन फिल्म अवार्ड में 'बेस्ट डेब्यू अवार्ड' भी मिला। इन्होंने FIPRESCI & INDIA का ग्रां प्री 2019 पुरस्कार भी जीता। यह दो दशकों से मुख्यधारा के रंगमंच में लेखक, निर्देशक और अभिनेता रहे हैं। इसके साथ ही गुजराती फिल्मों के लिए कास्टिंग डायरेक्टर भी रहे हैं और टीवी विज्ञापनों और प्रोमो फिल्मों से जुड़े रहे हैं।

Abhishek Shah is the writer, director, and co-producer of 'Hellaro' (2019), the first-ever Gujarati film to win the National Award for Best Feature Film. For the film, he also received 'Special Mention' as a Best Debut Director in the International Competition section at the 50th International Film Festival of India and 'Best Debut Award' at the Mahatma Gandhi Afro Asian Film Award. It also won the Grand Prix 2019 Award of FIPRESCI-INDIA. He has been a writer, director, and actor in mainstream theatre for two decades. He has also been a casting director for Gujarati films and has been associated with TV commercials and promo films.

नीलाभ कौल (सदस्य) Neelabh Kaul (Member)

नीलाभ कौल एफटीआईआई पुणे के पूर्व छात्र नीलाभ कौल प्रशिक्षित सिनेमेटोग्राफर और जुनूनी फिल्मकार हैं। इन्होंने लघु फिल्मों और वृत्तचित्रों से लेकर टेलीविजन और विज्ञापनों तक, समानांतर सिनेमा से मुख्यधारा के बॉलीवुड तक तमाम परियोजनाओं पर काम किया है। सिनेमेटोग्राफर के तौर पर इनकी फीचर फिल्मों में 'तारा', 'आभास', 'छल', 'जानशीन', 'आर्यन', किसान, 'लाहौर', 'जीना है तो ठोक डाल', 'भाजी इन प्रॉब्लम' और 'पटेल की पंजाबी शादी' शामिल हैं। उनकी कुछ अन्य उल्लेखनीय कृतियों में 'कश्मीर फाइल' (निर्देशक / छायाकार के रूप में), 'टर्निंग पॉइंट' (इसने यूनेस्को, पेरिस, स्पेन और तिरुवनंतपुरम में पुरस्कार जीते) और 'कोल 2001: एन इंडियन सिनेरियो' (ह्यूस्टन ऊर्जा सम्मेलन में आधिकारिक भारतीय प्रविष्टि) जैसी वृत्तचित्र शामिल हैं।

Neelabh Kaul, an alumnus of FTII Pune, is a cinematographer by training and a filmmaker by passion. He has worked on a range of projects – from short films and documentaries to television and commercials to parallel cinema and mainstream Bollywood. His feature films as cinematographer include 'Tara' (1992), 'Abhaas' (1997), 'Chhal' (2002), 'Janasheen' (2003), 'Aryan' (2006), Kisaan (2009), 'Lahore' (2010), 'Jeena Hai Toh Thok Daal' (2012), 'Bhaji in Problem' (2013) and 'Patel Ki Punjabi Shaadi' (2017). Some of his other notable works include documentaries such as 'Kashmir File' (as director/cinematographer), 'Turning Point' (it won awards in UNESCO, Paris, Spain and Thiruvananthapuram) and 'Coal 2001: An Indian Scenario' (official Indian entry to the Houston Energy Conference).



प्रमोद पवार (सदस्य) Pramod Pawar (Member)

प्रमोद पवार प्रमोद पवार मराठी रंगमंच के एक जाने माने अभिनेता और निर्देशक हैं। इन्होंने कई हिंदी फिल्मों में भी अभिनय किया है। यह भारत की कई थियेटर सोसाइट के सदस्य रह चुके हैं। इनके कई एकल अभिनीत नाटक चर्चित रहे हैं। यह सर्वश्रेष्ठ अभिनय और निर्देशन के लिए की बार सम्मानित हो चुके हैं जिसमें, उथावा, काहुर, स्ट्रेंजर, अनामिक, अर्ज मोथा नामि आदि शामिल है। इन्हें आघात फिल्म के लिए महाराष्ट्र सरकार और अन्य कई महोत्सवों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का सम्मान हासिल हुआ। यह करीब 6000 रंगमंच प्रस्तुति दे चुके हैं जिसमें पुरस्कार विजेता नाटक जैसे, तिलक अणि आगरकर और आर्य चाणक्य शामिल है। इनमें प्रमोद केंद्रीय भूमिका में थे।

Pramod Pawar is a well-known actor-director in Marathi-language theatre. He has also worked in various Hindi films. He has served as a member of many theatre societies in India. He has also worked in many notable One Act plays. He has won best actor and best director awards for his works in 'Uthava', 'Kahur', 'Stranger', 'Anamik', Arj Motha Nami', etc. He received the Best Actor award for the film 'Aaghat' by the Maharashtra Government and other notable honours. He has had about 6000 stage performances, including in award-winning plays such as 'Tilak Ani Agarkar' and 'Arya Chanakya', where he played the central character.

राधेश्याम पिपलवा (सदस्य) Radheshyam Pipalwa (Member)

राधेश्याम पिपलवा राधेश्याम पिपलवा पिछले 24 सालों से बतौर निर्माता, लेखक और निर्देशक फिल्मीजगत से जुड़े हुए हैं। इन्होंने कोंकणी संगीतमय फिल्म 'नचोम–इया कुम्पासर' (2015) का निर्माण किया, जिसने सर्वश्रेष्ठ कोंकणी फिल्म सहित तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते। इसके साथ ही इसे 21 अलग–अलग अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार भी हासिल हुए और और सर्वश्रेष्ठ ओरिजनल स्कोर के लिए प्रतिष्ठित ऑस्कर पुरस्कारों के लिए शॉर्टलिस्ट भी की गई थी. इनकी निर्देशित पहली फीचर फिल्म 'चिड्डी बल्ला' को 33 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों मिले और यह 2019–20 की सबसे अधिक सम्मानित फिल्मों में से एक रही। इन्होंने 300 से अधिक टीवी विज्ञापनों और एक लघु फिल्म 'वसुंधरा: सेव द मदर अर्थ' का निर्माण किया है, जिसे कान फिल्म समारोह में प्रदर्शित किया गया था।

Radheshyam Pipalwa has been a producer, writer and director in his filmmaking career spanning 24 years. He produced 'Nachom-ia Kumpasar' (2015), a Konkani musical film, which went on to win three National Film Awards including the Best Konkani Film. It also won 21 different international awards and was also one of the shortlisted films for the prestigious Oscars awards for Best Original Score. His directorial debut feature film 'Chiddi Balla' was also one of the most awarded films of 2019-20 including 33 international awards. He has produced over 300 TV commercials and a short film 'Vasundhara: Save the Mother Earth', which was showcased at the Cannes film festival.

फ़िल्म अनुकूल प्रदेश निर्णायक समिति
FILM FRIENDLY STATE JURY COMMITEE

एस. प्रियदर्शन (अध्यक्ष) S. Priyadarsan (Chairperson)

एस. प्रियदर्शन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्देशक, निर्माता और पटकथा लेखक हैं। चार दशक लंबे अपने फिल्मी सफर में, इन्होंनें मलयालम, तमिल, हिंदी और तेलुगु भाषा में करीब 96 फिल्मों का निर्देशन किया. इनकी शुरुआत 1984 में मलयायल सिनेमा से हुई. इनकी फिल्म कांचीवरम (तमिल, 2007) और मरक्कर दृलायन ऑफ दि अरेबियन सी (मलयालम,2019) ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। यह केरल राज्य फिल्म सम्मान भी प्राप्त कर चुके हैं। 2012 में, इन्हें भारत के चौथे सबसे बड़े नागरिक सम्मान, पद्म श्री से नवाजा गया। इन्होंनें हिंदी में करीब 29 फिल्मों का निर्देशन (डेविड धवन के बाद दूसरे, सबसे ज्यादा) किया जिसमें, विरासत, हेराफेरी, हंगामा, भूल भुलैया, आदि शामिल हैं। यह 2017 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार निर्णायक मंडल (केंद्रीय) के और इफ्फी 2019 केअध्यक्ष रह चुके हैं। यह 2011–2014 तक केरल राज्य चलचित्र अकादमी के अध्यक्ष थे। इन्होंनें कई भारतीय और विदेसी ब्रांड की करीब 160 विज्ञापन फिल्में भी बनाई हैं।

S. Priyadarsan is a National Award-winning film director, producer and scriptwriter. In a career spanning over four decades, he has directed more than 96 films in Malayalam, Tamil, Hindi and Telugu languages. He began his career in 1984 in Malayalam cinema. His films 'Kanchivaram' (Tamil, 2007) and 'Marakkar: Lion of the Arabian Sea' (Malayalam, 2019) have won the National Film Awards for Best Feature Film. He has also won many Kerala state film honours. In 2012, he was conferred 'Padma Shri', India's fourth highest civilian award. He has directed 29 Hindi films (second highest, after David Dhawan), including hits like 'Viraasat' (1997), 'Hera Pheri' (2000), 'Hungama' (2003), 'Bhool Bhulaiyaa' (2007), etc. He headed the Central Jury (Feature Films) for the National Film Awards in 2017 and IFFI in 2019. He was the Chairman of Kerala State Chalachithra Academy from 2011-2014. He has also done over 160 ad films for many popular Indian and foreign brands.

जी.पी. विजय कुमार (सदस्य) G.P. Vijay Kumar (Member)

जी.पी. विजय कुमार चैन्नई स्थित फिल्म प्रोडक्शन एवं वितरण कंपनी सेवन आर्ट्स इंटरनेशलन लिमिटेड के संस्थापक और प्रबंध निदेशक हैं। पिछले 35 सालों में, इनकी कंपनी ने मलयालम, तमिल, तेलुगु और हिंदी भाषा मे करीब 43 फीचर फिल्मों का निर्माण और 75 फिल्मों का वितरण किया है। इनमें से कई फिल्में क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी हैं। यह भारतीय फिल्म जगत से विविध रूप से जुड़े हुए हैं, जैसे, निदेशक, केरल राज्य फिल्म विकास निगम, अध्यक्ष, केरल फिल्म चेंबर ऑफ कॉमर्स, उपाध्यक्ष, फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया, राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2021, निर्णायक मंडल अध्यक्ष (पूर्वी जोन) आदि।

G.P. Vijay Kumar is the Founder and Managing Director of Seven Arts International Limited, a film production and distribution company based in Chennai. In the last 35 years, his company has produced 43 feature films in Malayalam, Tamil, Telugu and Hindi languages and distributed 75 films. Many of these films have won national and regional awards. He has been associated with the Indian film industry in various capacities such as: Director, Kerala State Film Development Corporation; President, Kerala Film Chamber of Commerce; Vice President, Film Federation of India; Jury Chairman (Eastern Zone), National Film Awards 2021; etc.

अमित रविन्द्रनात शर्मा (सदस्य) Amit Ravindernath Sharma (Member)

अमित रविन्द्रनात शर्मा फिल्म निर्देशक, निर्माता, विज्ञापन फिल्मकार, और क्रोम पिक्चर, प्रोडक्शन हाउस के सह–संस्थापक हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म बधाई हो (इसी बैनर के तहत निर्देशित और निर्मित), उस अधेड़ उम्र के जोड़े की समस्या को सामने लाते हैं जो अपने दो जवान बेटो के होने के बाद 51 वर्ष की उम्र में गर्भवती हो जाती है।

उनके कुछ महत्वपूर्ण टीवीसी में पूजा दीदी–फेसबुक, डव स्टॉप दि ब्यूटी टेस्ट, लाइफबॉय–हेल्प ए चाइल्ड रीच फाइव, साइलेंट नेशनल एंथम, गूगल रीयूनियन और कई अन्य शामिल हैं। इनके कामों को प्रतिष्ठित कान्स लायंस, डी एंड एड, स्पाइक्स एशिया, एडफेस्ट, लंदन इंटरनेशनल अवार्ड, एबिस सहित कई अन्य सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। इनकी अगली फिल्म भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम के जीवन पर आधारित है।

Amit Ravindernath Sharma is a film director, producer, ad filmmaker and co-founder of Chrome Pictures, a production house. His National Award-winning feature film 'Badhaai Ho' (directed and produced under his banner), addressed the issues that a middle-aged couple, with two grown-up sons, face when they get pregnant at the age of 51. Some of his groundbreaking TVCs include Pooja Didi-Facebook, Dove #StopTheBeautyTest, Lifebuoy-Help A Child Reach Five, Silent National Anthem, Google Reunion and many more. His works have won the very prestigious Cannes Lions, D&AD, Spikes Asia, Adfest, London International award, Abbys amongst others. His next is a biopic of the Indian football coach Syed Abdul Rahim.

फ़ीचर फ़िल्में
FEATURE FILMS

68वें

राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार 2020
NATIONAL FILM AWARDS 2020

35 मि.मि. या बड़े गेज या डिजिटल प्रारूप में बनी किन्तु फ़िल्म प्रारूप अथवा वीडियो / डिजिटल प्रारूप में जारी किसी भी भारतीय भाषा में बनी और केन्द्रीय फ़िल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा फ़ीचर या फ़ीचरेट के रूप में प्रमाणीकृत फ़िल्म फ़ीचर फ़िल्म श्रेणी के लिए पात्र है।

Films made in any Indian language, shot on 35 mm or in a wider gauge or digital format but released on a film format or video/digital format and certified by the Central Board of Film Certification as a feature film or featurette are eligible for feature film section.

फ़ीचर फ़िल्में । एक नज़र में

- **सूररई पौत्रु (तमिल)**
  सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म
  सर्वश्रेष्ठ अभिनेता
  सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री
  सर्वश्रेष्ठ पटकथा (मौलिक)
  सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन (बैकग्राउंड स्कोर)

  SOORARAI POTTRU (Tamil)
  Best Feature Film
  Best Actor
  Best Actress
  Best Screenplay (Original)
  Best Music Direction (Background Score)

- **मंडेला (तमिल)**
  इंधिरा गाँधी पुरस्कार निर्देशक की
  सर्वश्रेष्ठ पहली फिल्म
  सर्वश्रेष्ठ पटकथा (संवाद)

  MANDELA (Tamil)
  Indira Gandhi Award for Best Debut Film of a Director
  Best Screenplay (Dialogue)

- **तान्हा जी : द अन्संग वॉरीअर (हिन्दी)**
  लोकप्रिय एवं स्वस्थ मनोरंजन करने वाली सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म
  सर्वश्रेष्ठ अभिनेता
  सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा डिजाइनर

  TANHAJI : THE UNSUNG WARRIOR (Hindi)
  Award for Best Popular Film Providing Wholesome Entertainment
  Best Actor
  Best Costume Designer

- **फनरल (मराठी)**
  सामाजिक मुद्दों पर सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म

  FUNERAL(Marathi)
  Best Film on Social Issues

- **तलेदंडा (कन्नड़)**
  पर्यावरण संरक्षण / परिरक्षण पर सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म

  TALEDANDA (Kannada)
  Best Film on Environment Conservation/Preservation

- **सुमी (मराठी)**
  सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म
  सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार

  SUMI (Marathi)
  Best Children's Film
